गाजियाबाद विकास प्राधिकरण

विकास पथ गाजियाबाद

(ISO 9001 :2015 एवं ISO 14001 :2015 प्रमाणित संस्था)

"सार्वजनिक सूचना"

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि खसरा सं–272 मि॰ ग्राम असालतनगर, परगना जलालाबाद, तहसील–मोदीनगर, जिला–गाजियाबाद के क्षेत्रफल 665.18 वर्गमी॰ भूमि पर मै॰ शान्तीराज सेलीब्रेशन प्रा॰ लि॰ द्वारा रेस्टोरेन्ट भवन मानचित्र स्वीकृति हेतु प्रस्तुत किया गया है। सन्दर्भित स्थल दिल्ली–मेरठ रोड 60 मी॰ चौडे मार्ग पर स्थित है। प्रश्नगत स्थल का भू–उपयोग प्रभावी गाजियाबाद मुरादनगर महायोजना–2021 के अनुसार 60.00 मी॰ चौड़े महायोजना मार्ग छोड़ने के उपरान्त शेष भाग आवासीय न्यून घनत्व के अन्तर्गत प्रदर्शित है। उक्त आवासीय न्यून घनत्व भू–उपयोग में मुरादनगर महायोजना–2021 में निहित जोनिंग रेगूलेशन के प्राविधानों के अनुसार भोजनालय / जलपाल / गृह / रेस्टोरेन्ट / कैन्टीन की क्रिया सशर्त अनुमन्य है। महायोजना के प्राविधानों के अनुसार प्रमुख भू–उपयोग जोन्स में मूल क्रिया से इतर क्रिया अनुमन्य किये जाने पर दैनिक समाचार पत्रों के माध्यम से एक माह की अवधि प्रदान करते हुए जन–सामान्य से आपत्ति / सुझाव आमंत्रित किये जाने का प्राविधान है। उपरोक्त के सम्बन्ध में कोई आपत्ति / सुझाव देना है तो वे अपनी आपत्ति / सुझाव दो प्रतियों में मुख्य नगर नियोजक, गा॰वि॰प्रा॰ के कार्यालय में इस सूचना के प्रकाशन की दिनाँक से 30 दिन के अन्दर प्रस्तुत कर सकते हैं। केवल निर्धारित अवधि के अन्दर प्राप्त आपत्ति / सुझाव पर विचार किया जाना सम्भव हो सकेगा।

सचिव

ई-मेल : helplinegda@gmail.com, f : @ Gda Ghaziabad : @ gdagzb

हेल्पलाईन 0120-4418 384, व्हाट्सएपः 9990988004 वेबसाईटः www.gdaghaziabad.in

एक सुन्दर शहर .... हमारा संकल्प